(a) for item 4, the following item shall be substituted, namely :— "4. Steel castings and forgings and alloy, malleable and S.G. Iron castings.":

(b) after item 24 and before the Explanation, the following items shall be inserted, namely:-

(25. आय-कर अधिनियम की नवम अनुसूची में,—

(क) मद 4 के स्थान पर निम्नलिखित मद रखी जाएगी, अर्थात :—

4. "इस्पात की ढलाई और फोर्ज तथा मिश्र धातु, धातुवर्धनीय और एस० जी० 35 लौह की ढलाई ।" ;

(ख) मद 24 के पश्चात और स्पष्टीकरण के पूर्व, निम्नलिखित मदें अन्त:स्थापित की जाएंगी, अर्थात :—) (105)

(श्री सी सुब्रह्मण्यम)

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि खण्ड 25, संशोधित रूप में विधेयक का अंग बने ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The motion was adopted.

खण्ड 25, संशोधित रूप में, विधयक में जोड़ दिया गया ।

Clause 25, as amended, was added to the Bill.

खण्ड 26, विधेयक में जोड़ दिया गया ।

Clause 26 was added to the Bill.

खण्ड 27

श्री दीनन भट्टाचार्य : मैं संशोधन संख्या 2 से 7 प्रस्तुत करता हूं ।

श्री रामावतार शास्त्री : मैं संशोधन संख्या 28 से 31, 53 से 60 प्रस्तुत करता हूं ।

श्री सी० सुब्रह्मण्यम : मैं प्रस्ताव करता हूं :

पृष्ठ 32, पंक्ति 26, "shall" (जाएगी) के स्थान पर "may, at the option of the assessee" (निर्धारिती के विकल्प पर वह कीमत समझी जा सकेगी) रखा जाए ।

Shri Ramavatar Shastri (Patna) : Some people in the country have a lot of money but these moneyed people may not like to invest their money in the development of industry and in view of this maximum tax should be imposed on their wealth. It has been our experience that these moneyed people misused their money for black marketing and other anti-social activities. They would not like to invest their wealth for the development of industries and factories. Therefore Government should make efforts to take out maximum money from these people. So upto the limit of Rs. 5 lakhs the rate of tax should be raised from $\frac{1}{2}$ percent to 1 percent. Then for a slab of Rs. 5 to 10 lakhs, the tax proposal is Rs. 2,500 and the rate of taxation is $1\frac{1}{2}$ percent. This should be raised to Rs. 5,000 and the rate of $1\frac{1}{2}$ percent be raised to 3 per cent. In this way we should try to take out maximum money from them. Then for a slab of Rs. 10 to 15 lakhs the tax proposal is Rs. 10,000 and the rate of taxation is 2 percent. This should be raised to Rs. 20,000 and the rate of taxation should be raised from 2 percent to 4 percent. Moneyed people should be taxed heavily and poor people should be given some relief.

अध्यक्ष महोदय : सर्व प्रथम मैं श्री दीनेन भटटाचार्य द्वारा पेश किए गए संशोधन संख्या 2 से 7 तक को सभा के मतदान के लिए रखता हूं ।

संशोधन मतदान के लिए रखे गए और अस्वीकृत हुए ।

The amendments were put and negatived.

अध्यक्ष महोदय : अब मैं सरकारी संशोधन संख्या 106 को सभा के मतदान के लिए रखता हूं ।

प्रश्न है कि :—

"पृष्ठ 32, पंक्ति 26 में "shall" (जाएगी) के स्थान पर "May at the option of the assessee" (निर्धारिती के विकल्प पर वह कीमत समझी जाएगी) प्रतिस्थापित किया जाये । (संख्य 106)

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The motion was adopted.

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न है :—

"कि खंड 27 संशोधित रूप में विधयक का अंग बने ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The motion was adopted.

खंड 27 संशोधित रूप में विधेयक में जोड़ दिया गया ।

Clause 27, as amended, was added to the Bill.

खंड 28 से 31 विधेयक मेंजोड़ दिए गए ।

Clauses 28 to 31 were added to the Bill.

खण्ड 32

संशोधन किया गया

पृष्ठ 38, पंक्ति 7 के बाद निम्निलिखित अन्तःस्थापित किया जाये :—

'Provided that on and from the date on which the Customs Tariff Act 1975 comes into force, this sub-section shall have effect subject to the modification that for the words "First Schedule to the Tariff Act", the words and figures "First Schedule to the Customs Tariff Act, 1975" shall be substituted.

(परन्तु सीमा-शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 के प्रवृत्त होने की तारीख से यह उपधारा इस उपांतर के अधीन लागू होगी कि "टैरिफ अधिनियम की प्रथम अनुसूची," शब्दों के स्थान पर "सीमा-शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 की प्रथम अनुसूची" शब्द और अंक रखे जाएंगे ।) (88)

(श्री० सी० सुब्रह्मण्यम)

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :—

"कि खण्ड 32 संशोधित रूप में विधेयक का अंग बने"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The Motion was adopted.

खंड 32 संशोधित रूप में विधयक में जोड़ दिया गया ।

Clause 32 as amended, was added to the Bill.

खंड 33 से 43 विधेयक में जोड़ दिए गए ।

Clauses 33 to 43 were added to the Bill.

प्रथम अनुसूची

श्री दीनेन भट्टाचार्य : मैं अपने संशोधन संख्या 8 से 11 प्रस्तुत करता हूं ।

श्री रानेन सेन : मैं अपने संशोधन संख्या 61 से 72 तक प्रस्तुत करता हूं ।

श्री दीनेन भट्टाचार्य : छूट सीमा 8,000 रुपये निर्धारित की गई है । यह बढ़ाकर 10,000 रुपये की जानी चाहिए । ताकि निर्धन वर्ग के कर्मचारी कुछ सीमा तक राहत पा सकें । आजकल के समय में 10,000 रुपये का क्या मूल्य है ?

श्री रानेन सेन : मेरा संशोधन यह है कि छूट सीमा 8,000 रुपये से बढ़ाकर 12,000 रुपये कर दी जानी चाहिए । औद्योगिक विवाद अधिनियम में किए गए संशोधन से कर्मचारी की परिभाषा को बदल दिया गया है । इसके अन्तर्गत 750 रुपये प्रतिमास या 8 हजार रुपये प्रतिवर्ष पाने वाले कर्मचारी भी आ जाते हैं । इससे तो ये कर्मचारी भी आयकर के अन्तर्गत आ जायेंगे मेरा विचार है कि यह 8 हजार रुपये से बढ़ाकर 12 हजार रुपये कर दिया जाना चाहिए ।

श्री सी० सुब्रह्मण्यम : खेद है कि मैं इन संशोधनों को स्वीकार नहीं कर सकता ।

अध्यक्ष महोदय : अब मैं श्री दिनेन भट्टाचार्य द्वारा प्रस्तुत किए गए संशोधन संख्या 8,9 10 तथा 11 को सभा के मतदान के लिए रखूंगा ।

अध्यक्ष महोदय द्वारा संशोधन मतदान के लिए रखे गए और अस्वीकृत हुए ।

The amendments were put and negatived.

अध्यक्ष महोदय : अब मैं डा० रानेन सेन द्वारा प्रस्तूत संशोधन संख्या 61 से 72 को समा के मतदान के लिए रखूंगा ।

अध्यक्ष महोदय द्वारा संशोधन मतदान के लिए रखे गए और अस्वीकृत हुए ।

The amendments were put and negatived.

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि प्रथमअनुसूची विधेयक का अंग बने"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The motion was adopted.

प्रथम अनुसूची विधेयक में जोड़ दी गई ।

The first schedule was added to the Bill.

दूसरी और तीसरी अनुसूची विधेयक में जोड़ दी गई ।

The Second and Third Schedules were added to the Bill.

चौथी अनुसूची

श्री दीनेन भट्टाचार्य : मैं संशोधन संख्या 12 से 15 पेश करता हूं ।

श्री रामावतार शास्त्री : मैं संशोधन संख्या 36, 37 तथा 39 पेश करता हूं ।

श्री दीनेन भट्टाचार्य : विधेयक में कहा गया है कि अविलपित और विलपित मुद्रण तथा लेखन कागज (पोस्टर कागज से भिन्न) पर तथा मूल्य 25 प्रतिशत होगा और दूसर पर यह 30 प्रतिशत होगा । "25 प्रतिशत" और "38 प्रतिशत" के स्थान पर मैंने "दस" और "पंद्रह" प्रतिशत यथामूल्य रखने का सुझाव दिया है । क्योकि ऐसे कागजों तथा कागज बोर्ड का उपयोग साधारण लोग करत हैं अतः मेरे संशोधन संख्या 12 और 13 यथामूल्य शुल्क कम करने के लिए हैं ।

विधेयक में कहा गया है कि सूती कपड़ा, मध्यम एंव अर्थात ऐसा कपड़ा जिनमे सूत का औसत काउन्ट 17 या अधिक है किन्तु 26 से कम है, पर मूल्य का 3 प्रतिशत शूल्क होगा । मेरा संशोधन यह है कि इसे 3 प्रतिशत से घटाकर 2 प्रतिशत कर दिया जाये । इससे निम्न और मध्यम वर्ग के उपयोक्ताओं को कुछ राहत मिलेगी ।

ऐसा सूती कपडा जिसमें सूतका औसत 17 काउंट स कम है, उस पर भी यथा मल्य शल्क 3 प्रतिशत लगाया गया हैं इसे घटाकर एक प्रतिशत कर दिया जाना चाहिए क्योंकि इसका उपयोग अधिकांशतः जनसाधारण द्वारा किया जाता है । विधेयक म जो शुल्क दर निर्धारित की गई है उससे जनसाधारण पर भार पडेगा । सरकार हमेशा यह घोषणा करती है कि वह गरीब लोगों की ओर ध्यान दगी । किन्तु विधेयक में इन वस्तुओं पर जो शल्क की दर निर्धारित की गई है उससे ऐसे लगता है कि समाज के समृद्ध वर्ग पर निर्धन वर्ग की तलना में कम भार पडेगा । यदि सरकार अपने वचन की पक्की है तो उसे मेरे संशोधन स्वीकार करने चाहिए ।

Shri Ramavatar Shastri: Paper is a commodity widely used by poor people. So the 25 percent ad valorem duty on it should be reduced to 15 percent and the rate of 80 percent should be brought down to 20 percent. It is unfair on the part of Government not to reduce it.

Similarly in regard to textiles, it is also a commodity of common use and so, the duty of 3 percent on it should be reduced to 2 percent and the duty of 3 percent on cotton fabrics should also be reduced to 1½ percent. In any case the tax on paper and textile should be reduced.

श्री सी० सुब्रह्मण्यम : मैं इन संशोधनों को स्वीकार नहीं कर सकता। हमने कागज के प्रश्न पर विचार किया है। और हमने कुछ रियायतें भी दी है जिनके लिए अधिसूचनाएं जारी कर दी गई हैं। विद्युत चालित करघों द्वारा निर्मित किए जाने वाले कपड़ों में हमने कुछ रियायत दी है। इस सम्बन्ध में भी अधिसूचनाएं जारी कर दी है।

अध्यक्ष महोदय : अब मैं श्री दिनेन भट्टाचार्य द्वारा पेश किए गए संशोधनों को सभा के मतदान के लिए रखूंगा।

संशोधन रखे गए और अस्वीकृत हुए।

The amendments were put and negatived.

अध्यक्ष महोदय : अब मैं श्री रामावतार शास्त्री द्वारा पेश किए गए संशोधन सभा के मतदान के लिए रखूंगा।

संशोधन रखे गए और अस्वीकृत हुए।

The amendments were put and negatived.

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि चौथी अनुसूची विधेयक का अंग बने"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

The motion was adopted.

चौथी अनुसूची विधेयक में जोड़ दी गई।

The Fourth Schedule was added to the Bill.

पांचवी अनुसूची विधेयक में जोड़ दी गई।

The Fifth Schedule was added to the Bill.

छठी अनुसूची

श्री दीनन भट्टाचार्य : मैं संशोधन संख्या 16 से 27 तक पेश करता हूं।

श्री रामावतार शास्त्री : मैं संशोधन संख्या 40 से 51 और 82 पेश करता हूं।

डा० रानेन सेन : मैं संशोधन संख्या 73 से 81 तक पेश करता हूं।

श्री दीनेन भट्टाचार्य : औषधियों में थोड़ी बहुत अल्कोहोल उपयोग में लाई जाती है, किन्तु इस पर शुल्क बढ़ा दिया है। इसका समाज के कमजोर वर्गों पर प्रभाव पड़ेगा। इन दरों में कमी की जानी चाहिए। ताकि जनसाधारण को इसका कुछ लाभ पहुंचे।

डा० रानेन सेन : पेटेन्ट दवाइयों पर केन्द्रीय उत्पादन शुल्क के बढ़ाये जाने से आम जनता पूर्ण तया संकट में पड़ गई है।

एम्पीसिलिन आदि दवाइयों पर सीमा शुल्क 20 से 60 प्रतिशत तक बढ़ाया गया है। वर्तमान 7.5 प्रतिशत उत्पादन शुल्क से 27 करोड़ रुपये की वसूली होती है। अब इस अतिरिक्त शुल्क से 18 करोड़ रुपये और मिलेंगे। इस प्रकार इससे कुल 45 करोड़ रुपये की आय होगी। इसके अतिरिक्त संश्लिष्ट दवाइयों पर 75 प्रतिशत सीमा शुल्क लगाया जाता है। औसत शुल्क 60 प्रतिशत के लगभग है और कुल 45 करोड़ रुपये की औषधियों का आयात होता है जिस पर 65 प्रतिशत शुल्क लगता है। इस प्रकार यह राशि 74 करोड़ पर बैठती है। इससे पता चलता है कि दवाइयों पर विभिन्न रूप से लगने वाले करों से बड़ी राशि वसूल की जाती है।

सरकार ने कहा है कि दवाइयों के मूल्य कम किए गए हैं किन्तु वास्तविकता यह है कि सभी दवाइयों के उपादानों के मूल्य बढ़े हैं। यह तो लोगों को केवल धोखा देना है कि सरकार के प्रयासों से दवाइयों के मूल्य गिरे हैं। यह सर्वथा असंभव है क्योंकि कच्चे माल पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है। सभी प्रकार के टानिकों और उन दवाइयों का मूल्य बढ़ जायेगा जिनमें कुछ अल्कोहोल की मात्रा होती है।

बिना किसी सोच विचार के निर्णय लेकर सरकार होमियोपैथी, एलोपैथी यूनानी और आर्यूवेदिक दवाइयों का मूल्य बढ़ाने जा रही है। इसके अन्तर्गत 90 प्रतिशत दवाइयों आ जायेगी और केवल 10 प्रतिशत को ही छुट मिलेगी। यह सरकार का अमानवीय और अनैतिक कृत्य है। अतः दवाइयों पर लगे शुल्क को कम किया जाना चाहिए।

श्री सी० सुब्रह्मण्यम : हमने विभिन्न पहलुओं पर विचार किया है। यह शुल्क केवल पेटेंट दवाइयों पर ही लगाया गया है। कम्पनियों के पेटेन्ट नामों के आधार पर ही ये दवाइयां अधिक मूल्य पर बिकती हैं जबकि ये कम मूल्य पर मिल सकती हैं। इसीलिए उनके मूल्य में वृद्धि की गई है। जिन दवाइयों में अल्कोहोल का उपयोग होता है, उनका मामला राज्यों के अधिन है क्योंकि इसका उपयोग आम वस्तुओं के साथ नहीं करना चाहिए इसीलिए हमने इस पर शुल्क बढ़ाया है। निर्धन वर्ग पर इसका कोई असर नहीं पड़ेगा।

अध्यक्ष महोदय : अब मैं श्री दीनेन भट्टाचार्य द्वारा पेश किए गए संशोधन संख्या 16 से 27 सभा के मतदान के लिए रखूंगा।

अध्यक्ष महोदय द्वारा संशोधन मतदान के लिए रखे गए और अस्वीकृत हुए।

The amendments were put and negatived.

अध्यक्ष महोदय : अब मैं श्री रामावतार शास्त्री द्वारा पेश किए गए संशोधन संख्या 40 से 51 सभा के मतदान के लिए रखता हूं।

संशोधन रखे गए और अस्वीकृत हुए ।
The amendments were put and negatived.

अध्यक्ष महोदय : अब मैं डा० रानेन सेन द्वारा पेश किए गए संशोधन संख्या 74 से 81 तक और श्री रामावतार शास्त्री द्वारा पेश किए गए संशोधन संख्या 82 को सभा के मतदान के लिए रखता हूं ।

संशोधन रखे गए और अस्वीकृत हुए ।
The amendments were put and negatived.

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :--

"पृष्ठ 77, पंक्ति 13 से 16 में "20 प्रतिशत: यथामूल्य अथवा तीन रुपये 75 पैसे" के स्थान पर "एक प्रतिशत यथामूल्य या 35 पैसे" प्रतिस्थापित किया जाये ।

लोक सभा में मत विभाजन हुआ ।
The Lok Sabha divided.

पक्ष में Ayes	10	विपक्ष में Noes	102

प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ ।
The motion was negatived

अध्यक्ष महोदय : अब मैं छठी अनुसूची को सभा के मतदान के लिए रखूंगा । प्रश्न यह है :--

"कि छठी अनुसूची विधेयक का अंग बने "

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।
The motion was adopted.

छठी अनुसूची विधेयक में जोड़ दी गई ।
The Sixth Schedule was added to the Bill.

अध्यक्ष महोदय : खण्ड 1, विधेयक का नाम तथा अधिनियम सूत्र के सम्बन्ध में कोई संशोधन नहीं है । अत: मैं उन्हें एक साथ सभा के मतदान के लिए रखूंगा ।

प्रश्न यह है :--

"कि खण्ड 1, विधेयक का नाम तथा अधिनियम सूत्र विधेयक का अंग बनें"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।
The motion was adopted.

खंड 1, विधेयक का नाम तथा अधिनियम सूत्र विधेयक में जोड़ दिए गए ।

Clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.

श्री सी० सुब्रह्मण्यम : श्रीमान मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि विधेयक संशोधित रूप से पारित किया जाये"

अध्यक्ष महोदय ने प्रस्ताव किया :—

"कि विधेयक संशोधित रूप में पारित किया जाये ।"

श्री इन्द्रजीत गुप्त (अलीपुर) : माननीय वित्त मंत्री ने कहा है कि इस विधेयक की आलोचना कुछ विचारधाराओं के आधार पर की गई है । किन्तु हमारा मुख्य आरोप यह है कि यह विधेयक भी किन्हीं विचारधाराओं को सामने रखकर लाया गया है । बजट प्रस्तावों में बड़े व्यापारियों और एकाधिकारियों को अभूतपूर्व रियायतें दी गई हैं ।

वित्त मंत्री का यह कहना सही है कि हमें आपात स्थिति से प्राप्त आर्थिक और राजनीतिक उपलब्धियों को बनाए रखना चाहिए । परन्तु हम अनुभव करते ह कि इसके पीछे एक विचार धारा है और यदि उस विचारधारा पर चला जाता है तो आपात स्थिति से हुए लाभ को हम बनाए नहीं रख पायेंगे बल्कि यह धीरे-धीरे समाप्त हो जायगे ।

वित्त मंत्री का यह कहना सही है कि हमें आपात स्थिती से प्राप्त आर्थिक और राजनीतिक उपलब्धियों को बनाए रखना चाहिए । लेकिन हम महसूस करतें हैं कि इसके पीछे एक विचारधारा काम कर रही है जिसपर चलकर हम आपात स्थिति के लाभों को कायम नहीं रख पायेंगे बल्कि वे शनैः शनैः समाप्त हो जाएंगे ।

इस बजट में देश की आर्थिक दशा सुधारने हेतु व्यापारियों और एकाधिकारियों पर पूरी तरह निर्भर किया गया है । थोक मूल्य सूचकांक 2 से 3 प्रतिशत तक बढ़ गया है और निर्मित वस्तुओं का मूल्य सूचकांक 3 तिशत बढ़ गया है । यह कहा जा सकता है कि यह बहुत कम और अस्थायी है । यह एक शुरूआत हो सकती है कि सरकारी और गैरसरकारी दोनों क्षेत्रों में उत्पादन बढ़ाने के बाद भी मूल्य बढ़े हैं । इसका अर्थ यह हुआ कि इन व्यापारियों ने अपनी वे गतिविधियां फिर से चालू कर दी हैं जिन पर आपात स्थिति के आरम्भ में अंकुश लगा हुआ था । खबर है कि तस्करी का जो सामान बाजार से गायब हो गया था वह अब फिर से देश म नजर आने लगा है । ये लोग सदैव उत्पादन पर रोक लगाने का प्रयत्न करते रहे हैं और साथ ही उन्हों ने सरकार पर जोर डाला है कि उन्हें और रियायतें दी जाएं । ये अपनी मिलों को ठीक प्रकार से चलाने में बाधा उपस्थित करके सरकार को ब्लैकमेल कर रहे हैं ।

सम्पत्ति कर को कम करना उचित नहीं । समझ नहीं आता कि इतनी बड़ी रियायत इस कर में क्यो दी गई है ? हम नहीं जानते कि आप के और स्त्रोत अब कहां से आयेंगे ? योजना परिव्यय में वृद्धि का हमने स्वागत किया था । इसलिए हम महसूस करते हैं कि यह रियायतें देनें के बारे में भली भांति विचार न ीं किया गया है तथा आपात-स्थिति में हुआ लाभ इसके कारण समाप्त हो जायेगा । यह एक बड़ी खतरनाक नीति है और इसलिए हमारा दल इसका विरोध करता है ।

श्री वसन्त साठे (अकोला) : श्रीमन्, रियायतें दे कर उत्पादन बढ़ाना इस बजट का लक्ष्य है । लेकिन हम यह जानना चाहते हैं इन रियायतों से हमारे देश के निर्धन लोगों की अधिक क्रय शक्ति और उनके लिये उपभोक्ता वस्तुएं कैसे उपलब्ध की जा सकती हैं । कृषि उद्योग के विकास के लिये बजट में नियत की गई 12 करोड़ रुपये की बहुत कम राशि से यह उदेश्य पूरा नहीं होगा ।

[श्री वसन्त साठे]

मूल विकास छूट के स्थान पर राशि निवेश भत्ते की नई योजना का सुझाव दिया गया है। लेकिन गोआ के लोह पिंड निर्यात उद्योग को उसमें सम्मिलित क्यों नहीं किया गया है?

श्री सी० सुब्रह्मण्यम : हम विशेषतया मूल्यों के मामलों में सदैव सचेत रहेंगे और यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे कि मुद्रास्फिति रूपी राक्षस फिर से सिर न उठा सके। हम इस सम्बन्ध में आवश्यक कदम उठाएंगे और हम इस पर निरन्तर विचार करते रहेंगे। जहां तक गैर-सरकारी क्षेत्र का सम्बन्ध है, आशा है यह क्षेत्र अपने आपको परिस्थिति के अनुकूल ढालेगा।

जहां तक खान उद्योग का सम्बन्ध है, राशि निवेश भत्ता भावी राशि निवेश के लिए ही बनाया गया है। खनन कार्य अब पूर्णत: सरकारी क्षेत्र द्वारा ही किया जाएगा और इसलिए खान उद्योग में राशि निवेश करने के लिए गैर-सरकारी क्षेत्र को राशि निवेश भत्ता देने का प्रश्न नहीं उठता।

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :—

"कि विधेयक, संशोधित रूप में, पास किया जाये।"

लोक सभा में मत-विभाजन हुआ।

The Lok Sabha was divided.

पक्ष में Ayes	99	विपक्ष में Noes	14

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

The motion was adopted.

तत्पश्चात्, लोक सभा मध्याह्न-भोजन के लिये मध्याह्न पश्चात् 2 बजकर 45 मिनट तक के लिये स्थगित हुई।

The Lok Sabha then adjourned for lunch till forty-five minutes past fourteen of the Clock.

लोक सभा मध्याह्न भोजन के पश्चात् मध्याह्न पश्चात् 2 बजकर 48 मिनट पर पुन: समवेत हुई।

The Lok Sabha reassembled after lunch at forty-eight minutes past fourteen of the Clock.

कोयला खान (राष्ट्रीयकरण) संशोधन विधेयक
COAL MINES (NATIONALISATION) AMENDMENT BILL

ऊर्जा मंत्री (श्री कृष्णचन्द्र पंत): देश की कोयला खानों का दो चरणों में राष्ट्रीयकरण किया गया है। प्रथम कोकिंग कोयला खानों का 1972 में राष्ट्रीयकरण किया गया था। फिर गैर कोकिंग कोयला खानों का राष्ट्रीयकरण किया गया था। इन कदमों का यह उद्देश्य था कि कोयला खानों का सरकारी क्षेत्र द्वारा प्रबन्ध किया जाये। और उन्हें चलाया जाये तथा उनका स्वामित्व भार उठाया जाये।

कोकिंग और गैर-कोकिंग कोयला खानों का राष्ट्रीयकरण करने से पहले यह पता लगाया गया था कि इनकी संख्या कितनी है तथा इनके सम्पूर्ण दस्तावेजों की जांच की गई थी। राज्य

सरकार एवं केन्द्रीय सरकार को उपलब्ध किये गए रिकार्डों के अनुसार कुल 925 खानों का राष्ट्रीयकरण किया गया। तदुपरान्त मुख्यत: बिहार में ऐसे अनेक मामले प्रकाश में आये जहाँ गैर-सरकारी लोगों ने कोयला खाने पट्टे पर ले रखी थीं और इन लोगों ने इन खानों में कार्य आरम्भ किया तथा राष्ट्रीयकरण के बाद भी बिना किसी समुचित प्राधिकार के कोयला निकालते रहे। पता चला है कि केवल बिहार में ही लगभग 450 व्यक्तियों ने पट्टे पर खाने ले रखी थी।

यह भी पता चला है कि इनमें से अनेक मामलों में अनधिकृत रूप से खनन कार्य आरम्भ किया गया है जो गैर-वैज्ञानिक तरीके से हो रहा था, तथा सुरक्षा के उपायों तथा मानकों का पालन नहीं किया गया तथा खनन कार्य अत्यन्त निर्दयतापूर्वक कराया जाता था। यह कर्मचारियों की सुरक्षा की दृष्टि से ही नहीं बल्कि कोयला खानों के विकास की दीर्घकालीक दृष्टि से भी अवांच्छनीय है।

कोयला खानों के सम्यक वैज्ञानिक कार्यकरण के लिए हमें खानों की योजना बनाने हतु कोयला की मात्रा, एवं कोयला भण्डारों के आकार का पता लगाने के लिए कि कितना कोयला निकाला जा सकता है, भूवैज्ञानिक आंकड़े प्राप्त करने चाहिए। इस कार्य के लिए विस्तृत खोज करनी होगी। जब तक न सभी बातों का पता नहीं चलता इन क्षेत्रों से वैज्ञानिक तरीके से कोयला निकालना सम्भव नहीं है। जब यह सभी जानकारी प्राप्त नहीं होती राष्ट्रीयकृत क्षेत्र यह कार्य नहीं कर सकता इसलिए यह निर्णय किया गया है कि कोयला खान (राष्ट्रीयकरण) अधिनियम, 1973 का इस तरह से संशोधन किया जाये ताकि गैर-सरकारी क्षेत्र की इस्पात कम्पनियों के पट्टों को छोड़ कर शेष सभी गैर-सरकारी पट्टे रद्द कर दीये जाये।

विधेयक में उपबन्ध है कि केन्द्रीय सरकार या सरकारी कम्पनी या निगम अन्वेषण कार्य और जांच पूर्ण करने के बाद खनन कार्य के पट्टे ले सकती है। विधेयक में यह उपबन्ध भी किया गया है कि जहां केन्द्रीय सरकार या सरकारी क्षेत्र के उपक्रम किसी क्षेत्र में खनन कार्य करना नहीं चाहते तो गैर-सरकारी पक्षों या राज्य सरकार, या राज्य सरकार के किसी निगम को शिकमी पट्टे दिए जा सकते हैं। 29 अप्रैल, 1976 को राष्ट्रपति द्वारा एक अध्यादेश जारी किया गया जिसमें गैर-सरकारी तौर पर लिए गए पट्टों को रद्द करने और उसको कार्य रूप देने के लिए सरकार की घोषणा के बीच कोई अन्तराल न रहने पाये।

श्री समर मुखर्जी (हावडा) : सरकार ने इस विधेयक को लाने में बहुत विलम्ब किया है। इससे यह पता चलता है कि निहित स्वार्थों का राज्य सरकार या केन्द्रीय सरकार में बहुत प्रभाव था। इस विधेयक के माध्यम से उठाया जाने वाला यह कदम अन्यमनस्कता से उठाया गया है। सरकार अब भी कुछ गैर-सरकारी स्वामित्व वाली खानों के बारे में पूरी जिम्मेदारी अपने ऊपर लेने को तैयार नहीं है और इनका राष्ट्रीयकरण भी नहीं हो रहा है। उन्हें फिर शिकमी पट्टे पर देने का उपबन्ध है और इस बात की कोई गारन्टी नहीं है कि शिकमी पट्टों के रूप में कुछ लोग मुनाफा कमाने और सुरक्षात्मक कानूनों के विरुद्ध कोयला खानों से कोयला निकालने के लिये इन्हें पट्टे पर नहीं लेंगे।

सरकार को ऐसा विधेयक लाना चाहिये जिससे सम्पूर्ण जिम्मेदारी सरकार की होगी क्योंकि सरकार को वैज्ञानिक तरीके से खानों से कोयला निकाल सकती है।

इस विधेयक को लाने का एक कारण यह भी है जैसा कि विधेयक के कारणों और उद्देश्यों को बताने वाले विवरण में उल्लेख किया गया है कि श्रमिकों के कल्याण का ध्यान रखा जाय। लेकिन इसके बारे में कोई उल्लेख नहीं किया गया है। मंत्री महोदय को इस बात पर प्रकाश डालना

[श्री समरमुखर्जी]

चाहिए कि गैर-सरकारी पट्टेधारियो के अधीन इन खानों में कार्य करने वाले कर्मचारियों के भविष्य के बारे में क्या विचार किया गया है।

सरकार को सुरक्षा के पहलू वैज्ञानिक अन्वेषण और श्रमिकों के हितों को ध्यान में रखे हुए एक व्यापक विधेयक लाना चाहिए।

Shri Ram Singh Bhai (Indore): I support this Bill and congratulate the hon. Minister from bringing it so urgently.

It is not a question of coal mines alone. All the mines in the country should be nationalised because all the private sector parties take the mines on contract and extract in arbitrary manner due to which we incur huge national loss.

When Bill for nationalisation was brought here in 1973 I requested to modernise the coal mines. I think that very few people should be made to work underground. We are not employing scientific methods for operating our mines. This can minimise the chances of loss of human lives in the event of accidents.

It must be ensured that security measures are properly and strictly observed in all the nationalised mines. Recurrence of accidents like that of Chasnale should be avoided at all costs.

उपाध्यक्ष महोदय : इन खानों में कार्य कैसे हो, उनके सुधार कैसे लाया जाये यह सभी महत्वपूर्ण प्रश्न हैं जिन्हें उचित समय पर लिया जाना चाहिए।

डा० रानेन सेन (बारसाट) : कोयला खानों का राष्ट्रीयकरण 1973 में किया गया था और इस विधेयक को लाने में 4 वर्ष लग गये हैं। इस दौरान सरकार को 400 अनधिकृत खानों का पता लगा है। इससे पता चलता है कि 1973 में जब राष्ट्रीयकरण किया गया उस समय उच्च पदों पर बैठे हुए अधिकारियों ने सरकार को गुमराह किया। ऐसी खानों की संख्या 400 है तथा उनमें से अधिकांश बिहार में स्थित है। यह न तो इस्पात और खान मंत्रालय और न ही बिहार सरकार के लिये शोभनीय है।

पिछले वर्ष समाचार पत्रों में यह चर्चा चली तथा कुछ श्रमिक संगठनों ने बिहार सरकार को अवैध कृत्यों की जानकारी दी।

खान मालिक कोयला तो निकाल लेते है परन्तु खाली जगह को भरते नहीं है जिससे उलटी बखार तथा धनबाद क्षेत्रों में भय है।

विधेयक में गैर-कानूनी खानों को वैध करार देने का प्रस्ताव है। केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार उन सभी 400 खानों को अपने अधिकार में ले सकती है और फिर उसी व्यक्ति को या अधिक बोली लगाने वाले को ये पट्टे पर दे सकते हैं और उसे इन खानों में कार्य करने को कहा जा सकता है। यह उचित नहीं है। सरकार को ये खाने बहुत पहले ही अपने अधिकार में करनी चाहिए थी। या उन्हें संचालित करने के लिये सरकारी समिति गठित करनी थी।

Shri M. C. Daga (Pali) : The Coal mines were nationalised on 1-5-72 and 1-5-73. Since then there has been considerable progress in the production of coal. The private mine owners were operating in unscientific way. A lot of coal is destroyed and the security of coal mines is neglectd. I am glad that the mines have been taken over by the Government. Would the Government pay compensation to these mine owners whose lease has been terminated.

The railways are getting coal of inferior quality. The Government should look into it.

Shri Ramavtar Shastri (Patna) : No body objects to the objects of the bill. The Government want to take over mainly the mines operating in unauthorised manner. Such mines are operative in the districts of Dhanbad, Jharia, Giridih, Santhal and Pargana. These people are earning a lot of profit at the cost of loss to the nation. As far as I know there are persons in the Government of Bihar who want that the coal mines may continue in an authorised manner.

No private persons should be given coal leases. There should be no provisions in the bill which should empower the government to give lease to any private person.

It appears that the Bihar Government did not support the measures wholeheartedly. Perhaps certain persons are interested in status quo.

The workers of the coal mines which the government is taking over—should be absented by the government in their mines. Their service conditions should be the same as are applicable to other workers in government mines.

Sarder Swaran Singh Sakhi (Jamshedpur) : I welcome this Bill. The government should rather have brought this measure earlier. At the time of nationalisation of coal mines I suggested that the coal mines of the type now considered should not be left to private owners.

Unauthorised work is of two types; one by these holding lease as being in an unauthorised manner. The other is doing without any licence on lease.

The Dhanbad miners get an injunction from Calcutta High Court on the day ordinance was promulgated. The government should take suitable steps to meet this situation.

Unauthorised mining is going on in Hazaribagh and Dhanbad. Theft of coal is also taking place with the connivance of government officials. Strict action should be taken against these officials. The objectives of the Bill could be achieved only if the government machinery functions properly.

It is not correct to say that the Bihar Government do not support this measure whole-heartedly is not correct. Bihar government has been urging the Central government for early nationalisation of these mines.

If a survey is conducted it would reveal that all mines have not been included in the list of mines for nationalisation. Unauthorised mining is still going on. The Minister should take steps to ensure that all unauthorised mining is stopped.

Shri M. Ram Gopal Reddy (Nizamabad): Shri Pant always rises to the occasion. First submission which I want to make with regard to this Bill is that the coal miners who indulge in theft of coal should be given strict punishment. Secondly the officers who associate themselves with such like thefts should also be brought to book. Strong action should be taken against them.

Shri S. C. Besra (Dumba): While supporting the Bill I want to submit that a good number of Adivasis and working in the local mines which are likely to be taken over by the Government. So such Adivasis should be absorbed by the Government in their mines.

Secondly the mines which will be taken over by the Government should be run by the Coal Corporation. If Corporation is not interested to run these mines, these may be run on co-operative basis. But it should be ensured that the private owners or their relatives are not allowed to enter into management of these mines.

Shri Ram Deo Singh (Maharajaganj): The coal field workers society should be made eligible to get lease if they desire for the same.

ऊर्जा मन्त्री (श्री के० सी० पन्त) : यह सन्तोष का विषय है कि इस वाद-विवाद में भाग लेने वाले प्रत्येक सदस्य ने इस विधेयक का समर्थन किया है। मेरे मित्र श्री समर मुकर्जी ने प्रश्न किया है कि हम कोयला खान (प्रबन्ध अधिग्रहण) अधिनियम, 1973 या खान और खनिज (विनियमन और विकास) अधिनियम, 1957 का आश्रय क्यों नहीं लेते। यह भी कहा गया है कि इस में काफी देरी की गई है और यह कार्यवाही बहुत पहले ही की जानी चाहिए थी। जहां तक खान और खनिज (विनियमन और विकास) अधिनियम, 1957 का सम्बन्ध है केन्द्रीय सरकार ने वास्तव में इसी अधिनियम के अन्तर्गत 54 पट्टों के मामलों में कार्यवाही की है और बिहार सरकार को निदेश दिया है कि गैर सरकारी व्यक्तियों द्वारा लिए गए 54 पट्टों को समय से पूर्व ही रद्द कर दिया जाये। ये पट्टे एक सरकारी कम्पनी भारत कोकिंग कोल लिमिटेड को पुनः दे दिए गए है। अतः यह कार्यवाही विशिष्ठ मामलों में ही की गई है लेकिन ये बेकार खाने है जिनमें कोई कार्य नहीं होता था। इस विशेष अधिनियम के अन्तर्गत यह आवश्यक है कि यदि खनन पट्टे समाप्त कर दिये जायें तो सरकार को वे खाने अपने अधिकार में करनी होती है चाहे उनमें वैज्ञानिक तरीके से कार्य न होता हो। फिर सरकार ने उन कर्मचारियों को भी काम पर ले लिया है जो गैर-सरकारी पट्टे धारियों की खानों में काम करते थे। ऐसे मामलों में जहां खनन कार्य अधिक नहीं है वहां कोई अधिक कठिनाई नहीं है और भारत कोकिंग कोल लिमिटेड ने उन खानों को अपने अधिकार में ले लिया है। अब हम यह जांच करेंगे कि क्या इन में खनन कार्य जारी रखा जाये या नहीं। लेकिन पुराने पट्टों को जारी रखने का कोई लाभ नहीं है और इसलिए उन्हें रद्द कर दिया गया है, और सरकारी कम्पनी ने उन्हें अपने अधिकार में कर लिया है। लेकिन कुछ अन्य मामलों में जाली नामावलियां हैं फिर भी उन सभी लोगों को कोयला उद्योग में लिया गया है। इसके फलस्वरूप राष्ट्रीयकृत कोयला खान उद्योग में आरम्भ से ही श्रमिकों की संख्या बहुत अधिक हो गई है राष्ट्रीयकृत कोयला खान उद्योग की एक समस्या यह भी है कि फालतू लोगों को कैसे काम पर लगाया जाये। हम किसी व्यक्ति की छंटनी करना नहीं चाहते है। गत दो वर्षों में उत्पादन में तेजी से वृद्धि होने से हम अधिकाधिक लोगों को काम पर लगा सके हैं। लेकिन फिर भी कुछ फालतू कर्मचारी पाये गए हैं। इस-लिए इनकी संख्या में और अधिक वृद्धि करना सरकारी क्षेत्र के कोयला खान उद्योग के लिए हित में नहीं हैं।

हमें ऐसी एहतियात बरतनी है जिससे हम गैर-सरकारी पट्टेधारियों द्वारा काम पर लगाये लोगों को अधिक संख्या में अपने यहां न लें। कुछ मामलों में उन्होंने श्रमिकों से काम पर आने

के लिए और अपना काम दिखाने के लिए कहा है कि यदि उन्होंने समयोपरि कार्य किया तो अगले दिन सरकार उस खान को अपने अधिकार में ले लेगी और उनकी नौकरी बनी रहेगी तथा वे सरकारी कम्पनी के कर्मचारी बन जायेंगे। अतः हमें यह देखना है कि ऐसा न हो।

कोयला खान (प्रबन्ध अधिग्रहण) अधिनियम के अन्तर्गत भी हम यह कार्यवाही कर सकते है। मैंने विधेयक के उद्देश्यों और कारणों में संक्षेप में स्पष्ट किया है कि हमने इस अधिनियम का आश्रय क्यों नहीं लिया। यदि इस अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही की जाय तो सरकार को अनाधिकृत खानों के मालिकों को भी धन देना पड़ेगा तथा वहां काम करने वाले श्रमिकों को भी काम पर लगाना पड़ेगा। लेकिन वर्तमान कानून के अन्तर्गत हमें कुछ भी धन राशि नहीं देनी पड़ेगी।

चर्चा के दौरान सुरक्षा का प्रश्न भी उठाया गया था। हम सुरक्षा के प्रति पूरी तरह सचेत हैं और सरकारी क्षेत्र की कम्पनियां सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक उपाय कर रही है।

दूसरा प्रश्न यह उठाया गया है कि विधेयक पुरःस्थापित करने से पूर्व भण्डारों का पता तथा अनुमान नहीं लगाया गया है। इस बारे में पूर्ण जानकारी नहीं है और किसी को खान वाले क्षेत्र की सही जानकारी नहीं है। इसी कारण से हमने सभी पट्टे समाप्त कर दिए। अब सरकारी क्षेत्र की कम्पनियां भण्डारों का पता लगायेंगी और फिर उन विशेष खानों पर कार्य करने की आवश्यकता के बारे में निर्णय लेंगी। यह सुनिश्चित करना है कि सरकारी क्षेत्र को हानि न हो और यह क्षेत्र कोयला खानों में समेकित ढंग से कार्य कर सके। यदि सरकारी क्षेत्र की कोयला कम्पनी यह महसूस करती हैं कि उसके लिए किसी विशेष खान पर कार्य करना आवश्यक है तो उसे निश्चय ही प्राथमिकता मिलेगी। किन्तु यह बिल्कुल संभव है कि सरकारी क्षेत्र की कोयला कम्पनी के ऊपरी खर्च ऐसे हैं कि वे अलग-अलग स्थानों पर कोयला खान के खनन को उपयोगी या लाभप्रद न समझे। अतः हमने विधेयक में यह उपबन्ध किया है कि यदि निर्धारित शर्तें संतोषजनक ढंग से पूरी की जाता है तो गैर-सरकारी पट्टाधारी को भी कोयला का खनन करने की अनुमति दी जा सकती है।

कई कर्मकारों को रोजगार दिया गया है। मैं यह नहीं कहता कि सभी कर्मकारों को रोजगार दिया जा सकता है। जब तक भण्डारों का ही पता नहीं लगाया जाता तथा जब तक सरकारी क्षेत्र की कम्पनियां यह कहने की स्थिति में नहीं होती कि इन खानों के लिए उन्हें कितने व्यक्तियों की आवश्यकता है तब तक मैं यह कहने की स्थिति में नहीं हूं।

अनधिकृत रूप से खनन कार्य करने की बात उठाई गई है। जहां पट्टा नहीं दिया गया हो वहां इस तरह का खनन कार्य कोयला की चोरी करना है और राज्य की कानून और व्यवस्था प्राधिकार को इसे रोकना चाहिए।

कहा गया है कि बिहार सरकार इस विधान का दिल से समर्थन नहीं कर रही है। ऐसा कहना ठीक नहीं है। इस विधान का बिहार सरकार पूरी तरह समर्थन करती है। बिहार सरकार ने इस विधेयक के लक्ष्यों को लागू करने में तत्परता दिखाई है।

एक सुझाव यह दिया गया है कि बिहार सरकार को उप-पटाधारी के रूप में कार्य करने की अनुमति दी जानी चाहिए। इसे अलग नहीं रखा गया है। यह तो बिहार सरकार की मर्जी है कि वह उप-पटाधारी के रूप में कार्य करना चाहेगी। सरकारी क्षेत्र कोल इंडिया लिमिटेड

[श्री के० सी० पन्त]

द्वारा इन भण्डारों का पता लगा लेने तथा सर्वेक्षण करने और उन्हें खनन योग्य न पाने के पश्चात ही राज्य सरकार सामने आ सकती है इसके पश्चात ही प्रश्न उठेगा और उस समय मैं बिहार को इस कार्यहेतु सामने आने से नहीं रोकूंगा।

अधिकारियों का उल्लेख किया गया है मैं इस बात से इन्कार नहीं करता कि कुछ अधिकारी कोयले की चोरी के लिए दोषी ठहराये जा सकते है किन्तु सभी पर इस तरह का दोष लगाना अनुचित है। कोयला खनन उद्योग में अधिकारी उत्पादन वृद्धि के लिए दिन रात काम कर रहे है। कुछ एक अधिकारीयों के बारे में ऐसा कहा जा सकता है। किन्तु सभा को इस उद्योग में कार्य कर रहे अधिकांश अधिकारियों की सराहना करनी चाहिए।

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि कोयला खान (राष्ट्रीयकरण) संशोधन विधेयक, 1973 में आगे संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाये।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

The motion was adopted.

उपाध्यक्ष महोदय : अब हम विधेयक पर खण्डवार विचार करेंगे। सब से पहली बात है कि उसमें एक नया खण्ड 1 (ए) जोड़ा जाये।

संशोधन किया गया

Amendment made

पृष्ठ 1 पंक्ति 4 के बाद जोड़ा जाये —

'Insertion of new section 1A.

1A. In the Coal Mines (Nationalisation) Act, 1973 (hereinafter referred to as the principal Act), after section 1, the following section shall be inserted, namely:—

"Declaration as to expediency of Union control.

1A. (1) It is hereby declared that it is expedient in the public interest that the Union should take under its control the regulation and development of coal mines to the extent hereinafter provided in sub-sections (3) and (4) of section 3 and sub-section (2) of section 30.

(2) The declaration contained in sub-section (1) is in addition to, and not in derogation of, the declaration contained in section 2 of the Mines and Minerals (Regulation and Development) Act, 1957."'

(2)

(Shri K. C. Pant)

2. कोयला खान (राष्ट्रीयकरण) अधिनियम, 1973 की (जिसे इसमें इसके पश्चात् मूल अधिनियम कहा गया है) धारा 1 के पश्चात् निम्नलिखित धारा अन्तःस्थापित की जाएगी अर्थात् :—

1क. (1) इसके द्वारा यह घोषित किया जाता है कि लोक हित में यह समीचीन है कि इसमें इसके पश्चात् धारा 3 की उपधारा (3) और (4) और धारा 30 की उपधारा (2) में उपबन्धित विस्तार तक कोयला खानों का विनियमन और विकास संघ अपने नियंत्रण में ले ले ।

(2) उपधारा (1) में दी गई घोषणा खान और खनिज (विनियमन और विकास) अधिनियम, 1957 की धारा 2 में की गई घोषणा के अतिरिक्त है, उसके अल्पीकरण में नहीं ।

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि नया खण्ड 1 (ए) विधेयक का अंग बने"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The motion was adopted.

नया खण्ड 1(ए) विधेयक में जोड़ दिया गया ।

New Clause 1A was added to the Bill.

खण्ड 2

श्री कृष्ण चन्द्र पंत : मैं प्रस्ताव करता हूं कि :

पृष्ठ 1 पर पंक्ति 5–7 के स्थान पर प्रतिस्थापित किया जा ये —

"2. In section 3 of the principal Act, after sub-section (2), the following sub-sections shall be inserted, namely :—"

3. मूल अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (2) के पश्चात्, निम्नलिखित (3) उपधाराएं अन्तःस्थापित की जाएगी, अर्थात् :—

पृष्ठ 1, पंक्ति 9, "commencement of" (प्रवर्तन) के पश्चात् "section 2 of" (की धारा 2) अन्तःस्थापित किया जाये ।

श्री रामावतार शास्त्री : मैं अपने संशोधन संख्या 5, 6, 7, 8 और 9 प्रस्तुत करता हूं ।

उपाध्यक्ष महोदय : पहले मैं श्री कृष्ण चन्द्र पंत द्वारा प्रस्तुत किये गये संशोधन संख्या 3 और 12 सभा के मतदान के लिए रखता हूं ।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The motion was adopted.

उपाध्यक्ष महोदय : अब मैं खण्ड 2 के लिए प्रस्तुत किये गये श्री रामावतार शास्त्री के संशोधन संख्या 5 से 9 सभा के मतदान के लिए रखता हूं ।

उपाध्यक्ष महोदय द्वारा संशोधन मतदान के लिए रखे गये तथा अस्वीकृत हुये ।

The amendments were put and negatived.

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि खण्ड 2, संशोधित रूप में विधेयक का अंग बने ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The motion was adopted.

खण्ड 2, संशोधित रूप में, विधेयक में जोड़ दिया गया ।

Clause 2, as amended was added to the Bill.

खण्ड 3

श्री रामावतार शास्त्री : मैं अपने संशोधन संख्या 10 और 11 प्रस्तुत करता हूं ।

उपाध्यक्ष महोदय : मैं श्री रामावतार शास्त्री द्वारा प्रस्तुत किये गये संशोधन संख्या 10 और 11 सभा के मतदान के लिए रखता हूं ।

संशोधन मतदान के लिए रखे गये तथा अस्वीकृत हुए ।

The Amendments were put and negatived.

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि खण्ड 3 विधेयक का अंग बने ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The motion was adopted.

खण्ड 3 को विधयक में जोड़ दिया गया ।

The motion was adopted.

खण्ड 4

संशोधन किया गया

Amendment made

Page 2, for lines 42-47 substitute—

"4. The Coal Mines (Nationalisation) Amendment Ordinance, 1976, is hereby repealed.".

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि खण्ड 4, संशोधित रूप में विधेयक का अंग बने । "

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The motion was adopted.

खण्ड 4 को, संशोधित रूप में, विधेयक में जोड़ दिया गया ।

Clause 4, as amended was added to the Bill.

खण्ड 1

संशोधन किया गया

Amendment made

"Short title and commencement"

1. (1) This Act may be called the Coal Mines (Nationalisation) Amendment Act, 1976.

(2) Sections 1A and 2 of this Act shall be deemed to have come into force on the 29th day of April, 1976.

(1)

(Shri K. C. Pant)

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि खण्ड 1, संशोधित रूप में विधेयक का अंग बने ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The motion was adopted.

खण्ड 1 को, संशोधित रूप में, विधेयक में जोड़ दिया गया ।

Clause 1, as amended, was added to the Bill.

अधिनियमन सूत्र तथा विधेयक का नाम विधेयक में जोड़ दिये गये ।

The Enacting Formula and the Title were added to the Bill.

श्री कृष्ण चन्द्र पंत : मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि विधेयक को, संशोधित रूप में पारित किया जाये ।"

उपाध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि विधेयक को संशोधित रूप में पारित किया जाये ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The motion was adopted.

इसके पश्चात् लोक सभा मंगलवार, 18 मई, 1976/28 वैशाख, 1898 (शक) के ग्यारह बजे म० पू० तक के लिए स्थगित हुई ।

The Lok Sabha then adjourned till eleven of the clock on Tuesday, May 18, 1976/Vaisakha 28, 1898 (Saka)

भा०स०मु०ना०—वि० 3—4 लोक सभा । 76-20-8-76—200.